News Paper PG-No: -2

धनबाद, शुक्रवार
6 सितंबर, 2024
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
www.jagran.com

दैनिक जागरण

झारखंड, बिहार, प. बंगाल, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

सीट बेल्ट और हेलमेट की जागरूकता शहरों तक सीमित 11

इस्लामिक कट्टरपंथी बांग्लादेश को बनाना चाहते हैं दूसरा अफगानिस्तान : तस्लीमा 11

# चिरेका में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ



राजभाषा पखवाड़ा की बैठक करते चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा व अन्य • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण, मिहिजाम (जामताड़ा) : चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के प्रशासनिक भवन स्थित बैठक सभागार में गुरुवार को चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने विद्या की देवी मां शारदे की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् प्रशासनिक भवन स्थित तुलसी दास सामान्य पुस्तकालय में कर्मचारियों के लिए प्रकृति संरक्षण विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। अपराह्न में टीटीसी भवन में कर्मचारियों के लिए टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक महोदय ने राजभाषा के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

इसके पश्चात महाप्रबंधक की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा पर अधिकारियों के द्वारा स्वरचित हिंदी कविता पाठ कार्यक्रम में कविता पाठ किया गया। जानकारी के अनुसार पखवाड़ा के दौरान 23 सितंबर तक कर्मचारियों के लिए विविध प्रतियोगिता और कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर पुरस्कार वितरण के साथ पखवाड़ा का समापन होगा। इस मौके पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं पीसीएमई हामिद अख्तर समेत प्रमुख विभागाध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

News Paper PG-No: -6

06.09.2024

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन



## चिरेका महाप्रबंधक ने हिंदी के महत्व पर डाला प्रकाश

**मिहिजाम.** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के प्रशासनिक भवन में गुरुवार को चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने दी राजभाषा पखवारा का शुभारंभ किया. महाप्रबंधक ने हिंदी ( राजभाषा ) के महत्व पर प्रकाश डाला. इसके बाद अधिकारियों ने हिंदी में स्वरचित कविता पाठ किया. वहीं प्रशासनिक भवन स्थित तुलसी दास सामान्य पुस्तकालय में कर्मचारियों के लिए "प्रकृति संरक्षण" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई. अपराह्न में टीटीसी भवन में कर्मचारियों के लिए टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. पखवारे के दौरान 23 सितंबर तक कर्मचारियों के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. पखवाड़ा के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण किया जायेगा. मौके पर हामिद अख्तर आदि मौजूद थे.

News Paper PG-No: -14

दैनिक भास्कर जामताड़ा पुलआउट 06-09-2024

## चिरेका में राजभाषा पखवाड़ा में कविता पाठ, स्लोगन व टंकण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**चित्तरंजन** | चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के प्रशासनिक भवन स्थित बैठक सभागार में महाप्रबंधक हिर्तेंद्र मल्होत्रा ने दीप प्रज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। मौके पर महाप्रबंधक ने हिंदी (राजभाषा) के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इसके पश्चात श्री मल्होत्रा की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा शुभारंभ के मौके पर अधिकारियों के द्वारा स्वरचित हिंदी कविता पाठ कार्यक्रम में कविता पाठ किया गया। मौके पर हामिद अख्तर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं पीसीएमई सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात प्रशासनिक भवन स्थित तुलसी दास सामान्य पुस्तकालय में कर्मचारियों के लिए प्रकृति संरक्षण विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। अपराह्न में टीटीसी भवन में कर्मचारियों के लिए टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पखवाड़ा के दौरान 23 सितंबर तक कर्मचारियों के लिए विविध प्रतियोगिता और कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर पुरस्कार वितरण के साथ पखवाड़ा का समापन होगा।

News Paper PG-No: -05

इंफो इंडिया
कोलकाता, शुक्रवार 6 सितम्बर, 2024

# चिरेका में राजभाषा पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ

## स्वरचित कविता पाठ,स्लोगन और टंकण प्रतियोगिता आयोजित




**चित्तरंजन, 5 सितंबर ।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के प्रशासनिक भवन स्थित बैठक सभागार में आज 05 सितंबर 2024 को विद्या की देवी सरस्वती की तस्वीर के समक्ष श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक,चिरेका के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक महोदय ने हिंदी (राजभाषा) के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इसके पश्चात् श्री मल्होत्रा की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा शुभारंभ के मौके पर अधिकारियों के द्वारा स्वरचित हिंदी कविता पाठ कार्यक्रम में कविता पाठ किया गया। इस मौके पर श्री हामिद अख्तर, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं पीसीएमई सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष,राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात् प्रशासनिक भवन स्थित तुलसी दास सामान्य पुस्तकालय में कर्मचारियों के लिए 'प्रकृति संरक्षण' विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। अपराह्न में टीटीसी भवन में कर्मचारियों के लिए टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पखवाड़ा के दौरान 23 सितंबर तक कर्मचारियों के लिए विविध प्रतियोगिता और कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर पुरस्कार वितरण के साथ पखवाड़ा का समापन होगा।